तापमान

अधिकतम 32.3 डिग्री

न्यूनतम 17.4 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 25 फरवरी 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



महाराणा प्रताप चौक के पास फिर से गैस पाइप लाइन के लिए खोदा गया गड्ढा। जिसके चलते आवागमन बाधित रहता है।

## खबर संक्षेप

### सालों बाद स्तन कैंसर की जांच अब सिम्स में संभव

**बिलासपुर।** सिम्स अस्पताल में जल्द ही महिलाओं में होने वाले स्तन कैंसर की जांच संभव होगी। इसके लिए प्रबंधन द्वारा अत्याधुनिक मैमोग्राफी मशीन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सिम्स के अधीक्षक डॉ लखन सिंह ने बताया कि करीब करोड़ों की लागत से सिम्स में मैमोग्राफी मशीन लगाई जाएगी। कैंसर की प्रारंभिक अवस्था में ही सटीक जांच संभव हो सकेगी। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार स्तन कैंसर महिलाओं में सबसे गंभीर बीमारी है और वर्तमान परिवेश में तेजी से बढ़ती बीमारियों है। शुरुआती लक्षणों की जानकारी नहीं होने से मरीज को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ते है। सालों बाद सिम्स में मैमोग्राफी मशीन की सुविधा शुरू की जा रही है। डीन डॉ. रमणेश मूर्ति ने स्तन कैंसर की समय पर पहचान अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

### किसान और मजदूर बन जाएंगे बीमाधारक

**बिलासपुर।** सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बजट की घोषणा की गई है। इसके अंतर्गत प्रदेश में अब किसान और मजदूरों का दुर्घटना बीमा कराए जाने की घोषणा की गई है। जिले में पंजीकृत मजदूर एवं किसानों की संख्या की बात की जाए तो सरकार की घोषणा के बाद यहां करीब 4 लाख 95 हजार लोगों को बीमा का लाभ मिल सकेगा। मंगलवार को प्रस्तुत बजट में सरकार के द्वारा प्रदेश के मजदूर और किसानों को भी दुर्घटना बीमा का लाभ देने की घोषणा की गई है। ऐसे में प्रदेश में पंजीकृत किसान और मजदूरों को भी बीमा का लाभ मिल सकेगा। जिले में मजदूरों की संख्या की बात की जाए तो निर्माणी और असंगठित मजदूरों को मिलाकर कुल 3 लाख 68 हजार मजदूरों का पंजीयन किया गया है। इस संबंध में सहायक श्रम आयुक्त ज्योति शर्मा ने बताया कि वर्तमान में अब तक पंजीकृत मजदूरों का किसी भी तरह का बीमा नहीं कराया जाता रहा है।

### केंद्रों में उठाव के लिए 8 लाख क्विंटल धान बाकी

**बिलासपुर।** समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान अब भी उपार्जन केंद्रों में अपने उठाव का इंतजार कर रहे हैं। विपणन विभाग की मानें तो जिले के 127 उपार्जन केंद्रों में करीब आठ लाख क्विंटल धान उपलब्ध हैं, जिनका उठाव किया जाना शेष है। इधर मौसम में बदलाव से बदली व बारिश की संभावना बनने लगी है, जिससे उपार्जन केंद्रों में रखे धान को नुकसान संभव है। डीएमओ उपेंद्र कुमार ने बताया कि उपार्जन केंद्रों में लगभग आठ लाख क्विंटल धान अब भी उठाव हेतु शेष हैं। समितिवार धान की शेष मात्रा की बात की जाए तो काफी कम है। तीन समितियों से पूरी तरह उठाव किया जा चुका है। बारिश से धान को सुरक्षित रखने के निर्देश दिए जा चुके हैं। प्रत्येक उपार्जन केंद्र में तिरपाल उपलब्ध है।

### दिव्यांशु का यूपीएससी में चयन, बने अफसर

**बिलासपुर।** रतनपुर क्षेत्र के प्रतिभाशाली युवक दिव्यांशु जायसवाल का संघ लोक सेवा



आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा 2023 के आधार पर माय भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार में असिस्टेंट डायरेक्टर के क्लास-1 पद पर नियुक्ति हुई है। यह उनकी पांचवीं प्रयास में प्राप्त उल्लेखनीय सफलता है। वे भाजपा नेता डॉ. सुनील जायसवाल एवं डॉ. नीलिमा जायसवाल के पुत्र हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा नगर के सरस्वती शिशु मंदिर, रतनपुर से हुई तथा आगे की पढ़ाई जवाहर नवोदय विद्यालय मल्हार बिलासपुर से पूर्ण की।

## बिलासपुर, अंबिकापुर और जगदलपुर में एयरपोर्ट के विकास के लिए अलग से 80 करोड़ का प्रावधान

# बिलासपुर में खुलेगा सीजीआईटी, तखतपुर में नालंदा परिसर, एयरपोर्ट में शोरूम के साथ बढ़ेंगी सुविधाएं

**बिलासपुर।** विधानसभा में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने वित्तीय वर्ष 2026-27 का 1 लाख 72 हजार करोड़ रुपए का बजट पेश कर 'संकल्प' थीम के साथ विकास का रोडमैप रखा। बजट में बिलासपुर को भी सौगातें मिली हैं। इसमें बिलासपुर में सीजीआईटी खोलने की घोषणा की गई है, जिससे तकनीकी और औद्योगिक प्रशिक्षण को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही तखतपुर में नालंदा परिसर खोला जाएगा तो बिलासादेवी एयरपोर्ट में बड़ा शोरूम खोलने का प्रावधान किया गया है। बिलासपुर, अंबिकापुर और जगदलपुर में एयरपोर्ट के विकास के लिए अलग से 80 करोड़ का प्रावधान है तो बिलासपुर को सीजी वायू सेवा से जोड़ने की बात है। इसमें दूसरे राज्यों के एयरपोर्ट से बिलासपुर की कनेक्टिविटी रहेगी। दूसरे शहरों से निजी विमानन सेवा शुरू हो सकती है। बिलासपुर में फ्लाईओवर की घोषणा की गई है। इस साल के राज्य बजट में प्रदेशव्यापी घोषणाओं के बीच बिलासपुर के संदर्भ में सबसे स्पष्ट उल्लेख एयरपोर्ट विकास के लिए प्रावधान का रहा। बिलासपुर एयरपोर्ट के उन्नयन के लिए राशि तय की गई है, जिससे कनेक्टिविटी मजबूत होने की उम्मीद है। औद्योगिक पार्क और सड़क विकास जैसी राज्यस्तरीय योजनाओं का लाभ बिलासपुर को भी मिल सकता है।

### बिलासपुर एयरपोर्ट में बढ़ेंगी सुविधाएं

बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट में सुविधाएं बढ़ाने पर काम होगा। कुल 80 करोड़ में से 30 करोड़ बिलासपुर को मिल सकते हैं। बिलासादेवी एयरपोर्ट में बड़ा शोरूम खोलने का प्रावधान भी बजट में किया गया




है। ध्यान रहे कि दो दिन पहले पहली बार नाइट लैंडिंग का सफल यहां किया गया। इस ऐतिहासिक ट्रायल के बाद बिलासपुर हवाई सेवाओं से पूरी तरह जुड़ गया है। यहां खराब मौसम, बारिश के साथ ही रात में भी फ्लाइट उड़ान भर सकेंगे। इसके साथ ही बिलासपुर से हैदराबाद, कोलकाता और इंदौर से फ्लाइट शुरू होने की संभावनाएं जुड़ गई है। ध्यान रहे कि बिलासपुर एयरपोर्ट को अभी हाल ही में 3सी-आईएफआर लाइसेंस जारी किया गया है। माना जा रहा है कि, लाइसेंस मिलने के बाद अब गर्मी के समर शेड्यूल में जहां उड़ानों का समय बदलेगा। निजी विमानन कंपनियां भी बिलासपुर से देश के अन्य प्रमुख शहरों के लिए अपनी सेवाएं शुरू करने की तैयारी कर रही है।

### कैंसर अस्पताल के सेटअप को स्वीकृति

इसके साथ ही बिलासपुर में बन रहे कैंसर अस्पताल के लिए सेटअप को बजट में दे दी है। इससे अब अस्पताल में सर्जन सहित अन्य विशेषज्ञ और टेक्निकल पदों पर भर्ती होने की उम्मीद है। ध्यान रहे कि कोनी में राज्य के पहले कैंसर संस्थान 115 करोड़ की लागत से बन रहा है। अस्पताल के लिए 4 मंजिला भवन लगभग बनकर तैयार है। भवन निर्माण के लिए सीजीएमएससी को निर्माण एजेंसी बनाया गया है। कैंसर अस्पताल ग्राउंड फ्लोर के साथ 4 मंजिला होगा। इसमें कैंसर मरीजों के लिए 100 बेड की सुविधा होगी। 20 बेड कैंसर आईसीयू और 80 बेड जनरल वार्ड का होगा। जबलपुर और दिल्ली के कैंसर अस्पताल की तरह यहां भी नर्सिंग मेडिकल काउंसिल और नेशनल मेडिकल काउंसिल की तरह क्लास वन से लेकर क्लास फोर तक 289 पद स्वीकृत करने की मांग की गई थी। बाद में पदों की संख्या में कटौती करते हुए 175 पद कर दिया गया, जिसमें एक्सपर्ट डॉक्टर, टेक्निकल पदों के साथ ही रेडियोलॉजिस्ट सहित अन्य पद शामिल हैं। हालांकि, इसमें 34 पदों की स्वीकृति पहले ही मिल चुकी है। कैंसर यूनिट में 20-20 करोड़ रुपए की लागत के दो अत्याधुनिक लीनियर एसीलीरेटर रेडियो थिरेपी मशीन लगाई जाएगी। कीमोथिरेपी की दवाईयां भी मरीजों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी।




### फ्लाईओवर के लिए 15 करोड़ मिला

शहर ट्रैफिक व्यवस्था सुगम बनाने के लिए राजीव गांधी चौक से नेहरू चौक तक तीन दिशाओं वाला फ्लाईओवर बनेगा। यह फ्लाईओवर उस्लापुर रोड, इंदिरा सेतु के ऊपर से कोनी और सीपत-मोपका रोड की ओर जाएगा, जिससे नेशनल हाइवे का ट्रैफिक शहर के अंदरूनी हिस्सों से गुजरे बिना निकल सकेगा। इस परियोजना के तहत 900 करोड़ रुपए का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इसके तहत शहर की सड़कों का चौड़ीकरण और नई सड़कों का निर्माण भी किया जाएगा। निगम और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी इस बड़े प्रोजेक्ट पर काम करे हैं। टैक्निकल टीम ने शहर के अलग अलग हिस्सों में स्वाइल टेस्टिंग भी शुरू कर दी। इसमें देखा जरा है कि जमीन के कितने अंदर तक पत्थर है और मिट्टी कैसी है। प्रोजेक्ट के डीपीआर पर भी काम जारी है। बजट में इसके लिए 15 करोड़ का प्रावधान है।

### सीजीआईटी में 660 सीटों पर होगा एडमिशन

बजट में बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग में सीजीआईटी खोलने की घोषणा की गई है, जिससे तकनीकी और औद्योगिक प्रशिक्षण को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही युवाओं के करियर काउंसलिंग के लिए 10



करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इन तीन योजनाओं के लिए कुल 33 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। जानकारी के मुताबिक तीनों सीजीआईटी संस्थानों में कुल 660 बीटेक सीटों पर एडमिशन लिए जाएंगे। सबसे खास बात यह है कि इन संस्थानों में पारंपरिक ब्रांचेस के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन, और मैकेनिकल ऑटोमोबाइल जैसे अत्याधुनिक विषयों में भी पढ़ाई होगी। इससे छात्रों को भविष्य के अनुरूप ज्ञान और कौशल मिलेगा। हालांकि यह कहा जा रहा है कि सीजीआईटी अलग से नहीं खुलेगा और गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज को अपग्रेड कर बनाया जाएगा।

## विधायक धरमलाल कौशिक ने बजट सत्र के दूसरे दिन उठाया मामला

# 24 करोड़ का गलत भुगतान, 18 खसरों की पड़त भूमि को दो फसली दिखा दिया

**बिलासपुर।** अरपा भैंसा झार परियोजना में जमकर गड़बड़ी की गई। राज्य सरकार ने इसे विधानसभा में स्वीकार भी किया और कहा कि मामले में अधिकारियों को सस्पेंड करने के साथ ही दोषियों पर एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। सरकार ने माना कि 18 खसरों की पड़त भूमि या सिंचित भूमि को दो फसली भूमि दिखाकर 6.73 लाख रुपए का अधिक भुगतान किया गया। इसके साथ ही कुल 23 करोड़ 56 लाख रुपए का गलत भुगतान करते हुए कुछ खास लोगों को लाभ पहुंचाया गया। परियोजना के तहत कुल 46.04 करोड रुपए का भुगतान जा चुका है।

विधायक धरमलाल कौशिक ने बजट सत्र के दूसरे दिन एक बार फिर सदन में अरपा भैंसाझार परियोजना में हो रही 23.46 करोड़ के फर्जी भुगतान की अनियमितता का ममला उठाया। श्री कौशिक ने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से सवाल करते हुए पूछा कि 14 जुलाई 2025 के उत्तर में अरपा भैसाझार परियोजना में हुई अनियमितता को स्वीकारा गया था, उन घोटालेबाजों पर क्या कार्यवाही की जा रही है।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने जवाब देते हुए कहा कि इस मामले में हुए घोटाले की कार्यवाही ई.ओ.डब्ल्यू द्वारा प्रक्रियाधीन है। उन्होंने बताया कि ई.ओ.डब्ल्यू द्वारा प्रारंभिक जांच 16 जुलाई 2025 को पंजीबद्ध कर जांच की जा रही है और जल्द ही इसका परिणाम प्राप्त होगा और दोषियों को सजा दिलाई जाएगी।

### राज्य सरकार ने विधानसभा में दिया जवाब, दोषियों पर कार्रवाई की बात भी कही




### नहर की लाइनिंग और डिजाइन ही बदल दी

श्री कौशिक ने यह भी कहा कि नगर कागजों में योजना की लाइनिंग, डिजाइन बदल दी गई और साढ़े 11 करोड़ रुपए के मुआवजे के बंदरबांट कर दी गई। इसमें 10 खसरों का गलत भुगतान किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि जो सामने है उसके बाद भी कार्यवाही नहीं हो रही है। कांग्रेस कार्यकाल में यह फर्जीवाड़ा तो केवल एक गांव का उदाहरण है। इसी तरह पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में परियोजनाओं में करोड़ो का फर्जीवाड़ा कांग्रेस ने अपने कार्यकाल के दौरान किया।

### परियोजना 1141 करोड़ की, काम अभी पूरा नहीं

गौरतलब है कि बिलासपुर के कोटा ब्लॉक के भैंसाझार में अरपा नदी पर 1,141 करोड़ रुपए की लागत से अरपा भैंसाझार प्रोजेक्ट का निर्माण 2013 से चल रहा है। अब तक 95 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। ठेकेदार की ओर से मुख्य नहर के साथ ही शाखा नहरों का निर्माण किया जा रहा है। इसके बनते ही जिले के 3 ब्लॉक के 102 गांवों के करीब 25 हजार हेक्टेयर खेतों तक खरीफ फसल के लिए पानी पहुंचेगा। शुरुआत में इसकी लागत 606 करोड़ रुपए थी। निर्माण कार्य जल संसाधन संभाग कोटा के जरिए अनुबंध क्रमांक डीएल 07/ 13.09.2013 किया गया था। वहीं इसका निर्माण कार्य राधेश्याम अग्रवाल/ सुनील अग्रवाल की एजेंसी कर रही है। योजना का उद्देश्य बिलासपुर जिले के तीन ब्लॉकों के 102 गांवों के 25 हजार हेक्टेयर में पानी पहुंचाना है।

### 5 वर्षों से विधानसभा में उठाया जा रहा मामला

श्री कौशिक ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि इस परियोजना की की नींव पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के भाजपा शासन काल के दौरान पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवानी ने रखी थी। कांग्रेस के सत्ता में आते ही इस परियोजना में भारी मात्रा में भ्रष्टाचार की गयी। अभी भी धांधली थम नहीं रही है और दोषियों को सरंक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि अनियमितता को देखते हुए पिछले 5 वर्षों से विधानसभा में मामला उठाया जा रहा है किन्तु दोषियां पर कार्यवाही करने के बजाय उन्हें सरंक्षण दिया जा रहा है।

### ये अधिकारी कर्मचारी पाए गए हैं दोषी

आरएस नायडू एवं अशोक कुमार तिवारी, तत्कालीन कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग कोटा, आरके राजपूत, उप अभियंता, जल संसाधन विभाग, आरपी द्विवेदी, तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी, जल संसाधन अनुभाग तखतपुर, मोहरसाय सिदार,तत्कालीन अतिरिक्त तहसीलदार सकरी, कीर्तिमान सिंह राठौर एवं आंनदरूप तिवारी, तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी एवं भू अर्जन अधिकारी कोटा, राहुल सिंह राजस्व निरीक्षक।

## सहकारी बैंक फर्जीवाड़ा का मामला

# दोषी महिला क्लर्क ने पहले भी की थी 1.43 लाख की गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विड्रॉल फार्म में ओवर राईटिंग कर किसान के खाते से अधिक पैसे निकाल लेने की घटना कोई भूल नहीं, बल्कि सोच-समझकर चालाकी से की गई चोरी थी। इस मामले में संलिप्त महिला क्लर्क सीपत से पहले बस स्टैण्ड शाखा में पदस्थ थीं, जहां बीजीएल खाते से 1.43 लाख रूपए उन्होंने किश्तों में अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए थे। पकड़ में आने के बाद उन्होंने न केवल पैसे वापस बीजीएल खाते में जमा किए, बल्कि दोबारा ऐसी गलती नहीं करने की बात लिखकर भी दी थी।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की सीपत शाखा में दर्राभाठा निवासी दिलहरण लाल साहू नामक एक किसान के खाते से विड्रॉल फार्म में ओवर राईटिंग कर अधिक रकम निकालने के मामले में संलिप्त महिला क्लर्क कम कंप्यूटर ऑपरेटर रूचि पाण्डेय की और भी अनियमितताएं सामने आ रहीं हैं। सीपत शाखा में पदस्थ रहने के ठीक पहले उनकी पोस्टिंग बिलासपुर के पुराना बस स्टैण्ड स्थित शाखा में थी। यहां बैंक के बीजीएल खाते से इन्होंने छह से आठ महीनों के दौरान किश्तों में 1 लाख 43 हजार 988 रूपए अपने खाता क्रमांक 106000011758 में ट्रांसफर कर लिए थे। यह पूरा खेल बस स्टैण्ड शाखा में पदस्थ शाखा प्रबंधक अनामिका साव की आईडी का गलत इस्तेमाल करते हुए किया गया था। मामले की जानकारी हेड ऑफिस को होने के बाद प्रकरण की जांच की गई, जिसमें इस गड़बड़ी के पीछे महिला क्लर्क की संलिप्तता का पता चला था।

मामले की जांच के बाद महिला क्लर्क रूचि पाण्डेय के द्वारा 23 जुलाई 2024 को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के शाखा प्रबंधक को एक आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने त्रुटिवश बीजीएल की 1.43 लाख की राशि अपने खाते में आ जाने एवं वापस अपने खाते से बीजीएल खाते में जमा करने का निवेदन किया गया था। इतना ही नहीं, बल्कि आवेदन में भविष्य में इस तरह की त्रुटि दोबारा नहीं होने की बात भी लिखी गई थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और दोबारा राशि की हेरफेर हो गई। बस स्टैण्ड शाखा में हुई गड़बड़ी के मामले में तीन लोगों के खिलाफ बतौर सजा आजीवन वेतनवृद्धि पर रोक लगाई गई थी, वहीं रूचि पाण्डेय को तत्काल प्रभाव से सीपत शाखा में स्थानांतरित कर दिया गया था।



सहकारी बैंक की महिला क्लर्क ने ओवर राइटिंग कर निकाले पैसे

हरिभूमि में 21 फरवरी को प्रकाशित खबर।

- अपने खाते में ट्रांसफर कर ली थी बीजीएल खाते की राशि
- लिखित में मांफी मांगकर कहा था कि दोबारा गलती नहीं होगी

### जांच की जा रही

सहकारी बैंक की बस स्टैण्ड शाखा में हुई गड़बड़ी भी मेरे संज्ञान में है। पूरे मामले की सूक्ष्म जांच की जा रही है। दोषी व्यक्तियों पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

– **प्रभात मिश्रा,** सीईओ, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित

## स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव और शासन को नोटिस

# पांच हजार स्कूलों में गर्ल्स टायलेट नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश के पांच हजार से अधिक स्कूलों गर्ल्स टायलेट नहीं है तो 8 हजार से अधिक स्कूल ऐसे हैं शौचालय की स्थिति बेहद खराब है। इससे बच्चे और शिक्षक त्रस्त है और लगातार स्कूल शिक्षा विभाग से इसकी मांग कर रहे हैं। इसका खामियाजा बच्चों और शिक्षकों को यूरिन इन्फेक्शन के रूप में भुगतना पड़ रहा है।

हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद अब इस पूरे मामले में हाई कोर्ट ने संज्ञान ले लिया है और स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव और शासन को नोटिस भेज कर इसकी स्थिति स्पष्ट करने की बात कही है।

**हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान**



पांच हजार से अधिक स्कूलों में गर्ल्स टायलेट नहीं है

8 हजार की हालत खराब, बच्चियां छोड़ रहीं स्कूल

हरिभूमि में 23 फरवरी को प्रकाशित खबर।

बिलासपुर जिले के बात करें तो 160 से अधिक स्कूलों में टॉयलेट की बड़ी समस्या है। 200 से ज्यादा ऐसे विद्यालय है, जहां टायलेट हैं तो लेकिन उपयोग के लायक नहीं। अब हालांकि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद आखिरकार स्कूलों में गर्ल्स टॉयलेट को लेकर शिक्षा विभाग हरकत में आ गया है। विभाग ने 8 मार्च तक सभी जिलों में सरकारी और अनुदान प्राप्त स्कूलों में छात्राओं के लिए अलग टॉयलेट की व्यवस्था करने का फरमान जारी कर दिया है।

ध्यान रहे कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की यू-डाइस रिपोर्ट 2024-25 में प्रदेश के करीब 5500 स्कूलों में गर्ल्स टॉयलेट नहीं होने का खुलासा हुआ था। पिछले वर्ष युक्तियुक्तकरण में स्कूलों का मर्जर होने के बाद समस्या का कुछ समाधान तो हुआ लेकिन अभी भी एक हजार से अधिक स्कूलों में छात्राओं के लिए अलग टॉयलेट उपलब्ध नहीं हो पाया है। बिलासपुर, रायपुर, कोरबा, बस्तर और जांजगीर-चांपा के स्कूलों में गर्ल्स टॉयलेट की सबसे अधिक कमी है। विभागीय निर्देशों के बाद जिन स्कूलों में टॉयलेट जर्जर या अनुपयोगी स्थिति में हैं, वहां मरम्मत शुरू कर दी गई है। वैसे स्कूल जहां लड़के और लड़कियां दोनों पढ़ते हैं और वहां एक ही टॉयलेट उपलब्ध है तो उसे गर्ल्स टॉयलेट बना दिया गया है। इसके लिए इन स्कूलों ने विभाग के लगभग 10 साल पुराने आदेश का सहारा लिया है।

### सरकारी स्कूलों में छात्राओं की संख्या 19.54 लाख



गौरतलब है कि अगर पिछले वर्ष स्कूलों के युक्तियुक्तकरण के दौरान मर्जर से प्रदेश में गर्ल्स टॉयलेट स्कूलों की संख्या बढ़ गई। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की यू-डाइस रिपोर्ट 2024-25 के अनुसार छत्तीसगढ़ में 48757 सरकारी स्कूल संचालित थे। इनमें 37.64 लाख विद्यार्थी हैं। इनमें छात्राओं की संख्या 19.54 लाख है। युक्तियुक्तकरण के बाद स्कूलों की संख्या घटकर 38 हजार हुई। लिहाजा बिना गर्ल्स टॉयलेट वाले 5500 स्कूलों में से अभी भी एक हजार से अधिक स्कूलों में गर्ल्स टॉयलेट नहीं है।

# चक्रवाती हवाओं का असर, दिन में बूंदाबांदी, तापमान में आई गिरावट

**बिलासपुर।** दक्षिण बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दाब क्षेत्र और चक्रवाती संचरण का असर दिखने लगा है। पिछले दो दिनों से आसमान पर बदली छाई हुई है। इस दौरान तेज हवाएं भी चल रही है। सोमवार की तरह मंगलवार की दोपहर को भी शहर सहित आसपास के इलाकों में बूंदाबांदी हुई है। मौसम जानकारों के मुताबिक इससे तापमान में कमी आ सकती है।

मंगलवार को शहर में आंशिक बादल छाए रहे, वहीं अधिकतम तापमान 32.3 डिग्री और न्यूनतम 17.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक दक्षिण बंगाल की खाड़ी के मध्य भाग में बने निम्न दाब के कारण मौसम में परिवर्तन हो रहा है। निम्न दाब 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर सक्रिय है। बंगाल से आंध्र प्रदेश व ओडिशा होते हुए 0.9 किमी ऊंचाई पर द्रोणिका बनी हुई है, जिससे प्रदेश में नमी लगातार पहुंच रही है। हवा की गति धीमी रहने और नमी अधिक होने से सुबह-शाम हल्की ठंडक महसूस हो रही है। मंगलवार की दोपहर हल्की बूंदाबांदी हुई।

### कई क्षेत्रों में बंद रही बिजली

मंगलवार को शेड्यूल मेंटनेंस के लिए अज्ञेय नगर, विद्यानगर, हाईकोर्ट रोड, हर्ष विहार और तारबहार जैसे इलाकों में दोपहर 13.30 से 3.20 बजे तक बिजली बंद रही। इस दौरान शाम होते ही मिलन चौक, शेफर स्कूल के पास भी पेड़ की डंगाल गिरने के कारण सप्लाई बाधित रही हालांकि जल्द ही बिजली कर्मचारियों ने मरम्मत कर सप्लाई शुरू कर दी।

# भाजपा ने बजट को प्रदेश के विकास के लिए प्रगतिशील बताया

## कांग्रेस ने की आलोचना, कहा-कोई ठोस व स्पष्ट योजना नहीं

*ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट को भाजपा नेताओं ने प्रदेश के सामाजिक आर्थिक विकास के लिए एतिहासिक एवं महत्वपूर्ण और उपयोगी बजट बताया। इससे समाज का हर वर्ग को लाभ होगा। प्रदेश का चहुमुंखी विकास की कल्पना साकार करने में मददगार साबित होगी। इसका भाजपा के सभी नेताओं ने जमकर सराहना की। वहीं कांग्रेस के नेताओं ने इसे प्रदेश वासियों को झुनझुना देने वाला बजट बताया। कांग्रेस नेताओं ने लोगों के हित के लिए सड़क से सदन तक लड़ाई करने की बात कही है।*

### सरकार के पास कोई ठोस योजना ही नही : सिद्धांशु मिश्रा

बिलासपुर जिलाध्यक्ष-शहर कांग्रेस सिद्धांशु मिश्रा ने राज्य के वित्त बजट 2026 को घोर निराशा जनक बताया है। यह बजट संकल्प का बजट नहीं अपितु छत्तीसगढ़ को और पीछे ले जाने वाला बजट है।



खेतिहर किसान, मजदूर के साथ साथ शहर के माध्यम वर्ग के लोगो के लिए भी बिलासपुर एयरपोर्ट में फ्लाइट कम कर के उसे बंद करने की ओर सरकार कदम बढ़ाती दिख रही है, जनता के साथ किसी छल से कम नहीं है। केवल नया जुमला है। सरकार के पास कोई ठोस योजना ही नही है।

### यह बजट आम आदमी के लिए निराशाजनक : रामशरण

कांग्रेस नेता और पूर्व मेयर रामशरण यादव ने कहा कि यह बजट आम आदमी के लिए निराशाजनक है।



सरकार ने आम आदमी की उम्मीदों को नजरअंदाज किया है। टैक्स में राहत नहीं बजट में टैक्स में कोई राहत नहीं दी गई है, जिससे आम आदमी की जेब पर बोझ बढ़ेगा। सरकार को आम आदमी की जरूरतों को ध्यान में रखकर टैक्स में राहत देनी चाहिए थी। महंगाई बढ़ेगी, पेट्रोल और डीजल की कीमतें पहले से ही आसमान छू रही हैं और अब बजट में कोई राहत नहीं मिलने से आम आदमी की मुश्किलें और बढ़ेंगी। सरकार को महंगाई को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए थे। बजट में रोजगार के नए अवसर पैदा करने के लिए कोई ठोस योजना नहीं है, जिससे बेरोजगारी और बढ़ेगी।

### न महंगाई पर लगाम न युवा किसानों को लाभ : रविन्द्र सिंह

कांग्रेस नेता छत्तीसगढ़ योग आयोग के पूर्व सदस्य रविंद्र सिंह ने छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा पेश इस बजट को गांव गरीब मजदूर महिला कर्मचारी व वृद्ध जनों के साथ धोखा बताया है । इस बजट में युवा व किसानों के हित



के लिए कोई ठोस पहल नहीं किया गया है। ना ही महंगाई में लगाम लगाने का भी कोई प्रयास किया गया। बेरोजगारों के उत्थान के लिए भी कोई कदम नहीं उठाया गया। इस बजट को लोक लुभावन बजट ही कह सकते हैं। इस बजट में छत्तीसगढ़वासीयों को पुनः एक बार छला गया। वहीं स्कूली छात्र छात्राओं के बंद किए स्कूलों को पुनः प्रारंभ करने के लिए बजट में कोई राशि का प्रावधान नहीं किया गया है ।

### यह बजट जनता को निराश करने वाला : शुक्ला

पूर्व मंडी अध्यक्ष और कांग्रेस नेता राजेन्द्र शुक्ला ने कहा कि ज्ञान और गति के बजट की असफलता के बाद




संकल्प के बजट का नया जुमला वित्त मंत्री ने फेंका है। यह बजट भी जनता को निराश करने वाला बजट है। इस बजट को सिर्फ अपना पीठ थपथपवाने के लिए हि पेश किया गया है, किसान, मजदूर, आमजन, मध्यम वर्गीय जनता, व्यापारी, छोटे उधमियों के लिए कोई योजना नही, बेरोजगारो को रोजगार देने की कोई ठोस योजना नही, बढ़ती बेरोजगारी पर कोई चिंता नही है।

### जनता की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरा : तिवारी

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तखतपुर के अध्यक्ष अभ्युदय तिवारी ने कहा कि इस बजट में सड़क, भवन, शहरी परियोजनाओं की घोषणाएँ की गईं। लेकिन क्या इन परियोजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित है? यह बजट जनता की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरा है। यह बजट किसानों को वादा देता है, गारंटी नहीं। यह बजट मजदूरों को घोषणा देता है, सुरक्षा नहीं। विपक्ष सदन से लेकर सड़क तक इन मुद्दों को उठाएगा। मनरेगा में भुगतान की वैधानिक गारंटी, रिक्त पदों पर समयबद्ध भर्ती, किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन और खरीद की कानूनी सुरक्षा लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष सत्ता का शत्रु नहीं, जनता का प्रहरी होता है।

## प्रदेश के विकास को मिलेगी नई रफ़्तार: तोखन

छग संकल्प बजट देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "विकसित भारत– विकसित छत्तीसगढ़" के संकल्प के अनुरूप तैयार किया गया है। यह बजट संतुलित, समावेशी और दूरदर्शी सोच का परिचायक है, जो प्रदेश के प्रत्येक वर्ग के उत्थान और समग्र विकास को सुनिश्चित करता है। हमारी सरकार मिशन मोड में कार्य करने में विश्वास रखती है। इसी उद्देश्य से पाँच मुख्यमंत्री मिशनों — मुख्यमंत्री अधोसंरचना मिशन, मुख्यमंत्री कृत्रिम बुद्धिमत्ता मिशन, मुख्यमंत्री पर्यटन विकास मिशन, मुख्यमंत्री नवप्रारंभ (स्टार्टअप) मिशन और मुख्यमंत्री खेल उत्कर्ष मिशन — के माध्यम से प्रदेश के विकास को नई दिशा, नई धार और नई रफ़्तार दी जाएगी। उन्होंने बताया कि बजट में बिलासपुर को कई महत्वपूर्ण सौगातें दी गई है। इसमें राजीव गांधी चौक से सीपत चौक फ्लाईओवर – 15 करोड़,



मेलनाडीह से मस्तुरीनगर तक सड़क निर्माण 30 करोड़, उसलापुर गीता पैलेस से अमेरी अंडरब्रिज –4 करोड़, चकरभाटा बस्ती से धमनी पहुंच मार्ग – 2 करोड़, बिलासपुर एयरपोर्ट अधोसंरचना विकास कैंसर इंस्टीट्यूट, बिलासपुर की सौगात दी गई। इन परियोजनाओं से यातायात सुगमता, क्षेत्रीय संपर्क, स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

वहीं फास्टरपुर–झलियापुर सड़क निर्माण के लिए 10 करोड़, बिटकुली से भटगांव सेंवार पहुँच मार्ग – 4 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। इस सरकार के प्रयास से बिलासपुर संसदीय क्षेत्र (बिलासपुर–मुंगेली) सहित पूरे छत्तीसगढ़ में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है।

### हर नागरिक तक विकास पहुंचाने वाला बजट : कौशिक

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने मुख्यमंत्री साय सरकार के नेतृत्त्व में प्रस्तुत छत्तीसगढ़ बजट 2026-27 पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार माना है। श्री कौशिक ने कहा कि संकल्प थीम पर आधारित यह बजट यह दर्शाता है कि सरकार केवल नीतियाँ बनाने तक सीमित नहीं है बल्कि उन्हें जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करने के लिए संकल्पित है, जिससे नीति का उद्देश्य परिणामों में बदल सके और विकास का प्रभाव हर नागरिक और हर क्षेत्र तक पहुंचे। यह एक संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाता है जहाँ आर्थिक विस्तार, सामाजिक न्याय, आधारभूत सरंचना निर्माण और सांस्कृतिक पहचान सभी एक साथ आगे बढ़ें। छत्तीसगढ़ राज्य का यह बजट सबका साथ, सबका विकास वाला बजट है जिसमें हर वर्ग को शामिल किया गया है। यह बजट



निश्चित ही छत्तीसगढ़ प्रदेश विकास के स्वर्णिम विकास में सहभागी बनेगा, हर क्षेत्र शिक्षा, स्वास्थ, इन्फ्रास्ट्रक्चर, कृषि, पर्यटन, ग्रामीण विकास, सड़क, टैक्नोलॉजी आदि हर क्षेत्र को विकास की नई दिशा प्रदान करने वाला बजट है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने 1 लाख 72 हजार करोड़ का बजट विधानसभा में पेश किया, जो पिछले साल से लगभग 10 फीसदी ज्यादा है, जो प्रदेश के विकास के लिए बहुत ही उपयोगी और कारगर साबित होगा।

### कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त बनेगी: अमर

छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री एवं बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए प्रस्तुत 1.72 लाख करोड़ के राज्य बजट को छत्तीसगढ़ के आधुनिक विजन का बजट बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रस्तुत सरकार का तीसरा बजट "संकल्प" थीम पर आधारित है, जिसमें किसानों, युवाओं, महिलाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य और अधोसंरचना पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बजट में कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए अनेक राहतकारी प्रावधान किए गए हैं। कृषि पंपों को निःशुल्क बिजली, कृषक उन्नति योजना, डेयरी एवं हस्तशिल्प को प्रोत्साहन जैसे कदम किसानों की आय वृद्धि में सहायक सिद्ध होंगे। किसानों के खातों में अब तक 1.40 लाख करोड़ से अधिक की राशि का भुगतान सरकार की प्रतिबद्धता को



दर्शाता है। युवाओं के भविष्य को सशक्त बनाने के लिए सीजी एसीई योजना के लिए 33 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। उड़ान योजना के अंतर्गत नीट, जेईई एवं सीएलएटी शिखर योजना के तहत यूपीएससी एवं सीजीपीएससी तथा मंजिल योजना के माध्यम से बैंकिंग, एसएससी एवं रेलवे परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी। राज्य सरकार द्वारा पाँच बड़े मिशन प्रारंभ किए जाएंगे, जिनमें प्रत्येक के लिए प्रतिवर्ष 100 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

### भाजपा केवल घोषणाओं तक सीमित न रहे: अटल

कांग्रेस विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि यह बजट ग्रामीण, आदिवासी एवं वंचित वर्गों की मूल अपेक्षाओं को पूर्ण रूप से संबोधित नहीं करता।



केवल घोषणाओं तक सीमित न रहे, बल्कि धरातल पर परिणाम दे। उन्होंने कहा कि कोटा विधानसभा क्षेत्र एसटी एवं एसी बहुल क्षेत्र है, जहाँ विकास की प्राथमिकता शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सांस्कृतिक संरक्षण होना चाहिए था। रतनपुर के तालाबों और धरोहरों के संरक्षण हेतु विशेष पैकेज की आवश्यकता है। कोटा में खेल परिसर हेतु बजट प्रावधान किया जाना चाहिए।

### 'गति' का नहीं, बल्कि 'दुर्गति' का बजट: विजय

ज़िला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि यह बजट 'गति' का नहीं, बल्कि 'दुर्गति' का बजट है। उन्होंने कहा कि यह संकल्प का नहीं, भ्रष्टाचार का बजट है। नई-नई



योजनाएं भ्रष्टाचार करने के लिए लाई गई हैं। श्री केशरवानी ने कहा कि शब्दों का मायाजाल बुना गया है। इस बजट में प्रदेश के युवाओं के लिए कुछ नहीं है। प्रदेश की महिलाओं के लिए कुछ नहीं है। नौकरी के नाम पर झुनझुना पकड़ा दिया गया है। जो हड़ताल कर रहे हैं, उनकी छोटी-छोटी मांगें हैं, लेकिन सरकार उन्हें भी पूरा नहीं कर पा रही है। कांग्रेस लोगों के हित के लिए सड़क से सदन तक की लड़ाई लड़ने के लिए हमेशा तैयार रहेगी।

### बजट के लिए संसाधन कहां से आएंगे : रश्मि

पूर्व विधायक व कांग्रेस नेता रश्मि सिंह ने कहा कि बजट में लोक-लुभावन घोषणाओं की झड़ी तो लगा दी गई है, लेकिन यह स्पष्ट



नहीं है कि इसके लिए संसाधन कहाँ से आएंगे? प्रदेश पर बढ़ता कर्ज का बोझ आने वाली पीढ़ी के भविष्य को गिरवी रखने जैसा है। लोक-कल्याणकारी योजनाओं के नाम पर वित्तीय अनुशासन की बलि दी जा रही है।कुल मिलाकर, यह बजट आंकड़ों की बाजीगरी दस्तावेज अधिक प्रतीत होता है।

### बजट से किसान-युवा निराश आम आदमी को राहत नहीं: टाह

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल टाह ने कहा कि यह बजट न तो किसानों के हित में है और न ही युवाओं के भविष्य की कोई योजना रोजगार को



बताता है। उन्होंने कहा कि यह बजट पूरी तरह से फेल है और इससे प्रदेश की बड़ी आबादी को कोई राहत नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि बजट में रोजगार सृजन को लेकर कोई ठोस और प्रभावी योजना नजर नहीं आती। युवा पहले से ही बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं, लेकिन बजट में उनके लिए नए अवसर पैदा करने की दिशा में कोई मजबूत कदम नहीं उठाया गया।

### प्रदेश की आर्थिक प्रगति वाला बजट: दुआ



भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अमरजीत सिंह दुआ ने कहा है कि विधानसभा में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़ के सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए सर्वहारा बजट पेश किया है। एक लाख 72 हजार करोड़ का यह बजट छत्तीसगढ़ के इतिहास में मिल का पत्थर साबित होगा। यह प्रदेश की आर्थिक प्रगति वाला बजट है। शहर को सबसे बड़ा फ्लाईओवर ब्रिज मिलने जा रहा है और उसलापुर में यातायात के दबाव को ध्यान में रखते हुए अंडर ब्रिज के लिए बड़ी राशि बजट में प्रस्तावित है। बिलासपुर जिले में सड़कों का, पुल पुलिया के लिए बजट में बड़ी राशि प्रावधान है।

### भविष्य की आवश्यकताओं पर जोर दिया गया: दीपक



दीपक सोनी ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए लगभग 1.72 लाख करोड़ का बजट प्रस्तुत किया है। यह बजट "संकल्प" थीम पर आधारित है, जिसका उद्देश्य राज्य का समग्र वकास और जनकल्याण है। इस बजट में किसानों, महिलाओं, युवाओं और गरीब वर्ग पर विशेष ध्यान दिया गया है। किसानों के लिए कृषि योजनाओं और ब्याज-मुक्त सहायता का प्रावधान किया गया है। महिलाओं एवं बेटियों के सशक्तिकरण हेतु नई योजनाओं की घोषणा की गई है, जिसमें 18 वर्ष की आयु पूरी करने पर आर्थिक सहायता शामिल है।

### बजट में सर्वहारा समाज को खास त्वज्जो दी गई : रौशन



भाजयुमो नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य रौशन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट प्रदेश के युवा,किसान, सर्वहारा समाज आम जनता का इस बजट में ध्यान रखा गया है। प्रदेश को विकासशील राज्य से विकसित राज्य बनाने के विजन से इस बजट को संकल्प का रूप दिया गया है। इस बजट में विभिन्न घोषणाओं से मध्यम वर्ग सहित प्रदेश के करोड़ों नागरिक लाभान्वित होंगे एवं प्रदेश विकास के नये आयाम के तरफ अग्रसर होगा।

### संतुलित बजट: देवेश



भाजपा नेता पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेश सोनी ने कहा कि यह बजट बहुत ही संतुलित बजट है। इस बजट में मत्स्य पालन का विशेष ध्यान रखा गया है। कृषि, ऑयल पाम खेती में फोकस किया गया है, पीएम आवास योजना ग्रामीण के लिए 4000 करोड़ की व्यवस्था स्वागत योग्य है। शिक्षा पर फोकस किया गया है युवाओं को रोजगार का अवसर प्रदान किया जाएगा। पीएम ग्रामीण आवास के लिए 4000 करोड फंड की व्यवस्था की गई है। सीजीआईटी खोला जाएगा मैं उसका स्वागत करता हूं। यह बजट छत्तीसगढ़ को निश्चित रूप से विकसित प्रदेश बनाने में मददगार साबित होगा।

### बेलतरा विधानसभा क्षेत्र को बजट में मिली बड़ी सौगात : सुशांत

छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा नए विधानसभा भवन में प्रस्तुत बजट में बेलतरा विधानसभा क्षेत्र को बड़ी सौगात मिली है।



बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला की मांगों को प्राथमिकता देते हुए स्वास्थ्य, सड़क, सिंचाई और दुग्ध विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में राज्य कैंसर संस्थान के लिए सेटअप की स्वीकृति दी गई है। इस महत्वपूर्ण निर्णय से क्षेत्रवासियों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। स्थानीय स्तर पर बेहतर जांच एवं उपचार सुविधा उपलब्ध होने से मरीजों और उनके परिजनों को राहत मिलेगी। खारँग जलाशय खूंटाघाट के मेलनाडीह से सीपत तक नहर मार्ग में सड़क निर्माण के लिए 30 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### छत्तीसगढ़ को विकसित प्रदेश बनाने का संकल्प है ये बजट: हर्षिता

भाजपा की प्रदेश मंत्री हर्षिता पांडेय ने छत्तीसगढ़ के बजट को दूरदर्शी और अधोसंरचना को मजबूती देने वाला बताया।



उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा ज्ञान गति के बाद प्रस्तुत ये संकल्प बजट छत्तीसगढ़ के विकास की नई गाथा लिखेगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन 2047 की तर्ज पर राज्य को विकसित बनाने में कारगर होगा। उन्होंने बिलासपुर में राम सेतु फ्लाईओवर,सीजी आईटी और तखतपुर में नालन्दा लाइब्रेरी खोले जाने के बजट प्रावधान के लिए वित्त मंत्री का आभार प्रकट किया। उन्होंने युवाओं की कैरियर काउंसिलिंग के लिए 10 करोड़ और एआई सेंटर के साथ बच्चियों के 18 वर्ष पूरे होने पर डेढ़ लाख रुपए दिए जाने एवं महतारी वंदन के लिए 8200 करोड़ का प्रावधान एवं वीजी जीरामजी योजना के लिए 400 करोड़, आवास के लिए 4000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

### विकास को नई गति देगा यह बजट: मनीष

भाजपा के पूर्व एल्डरमैन मनीष अग्रवाल ने कहा कि छग राज्य सरकार का यह बजट,संकल्प पर आधारित थीम, समावेशी विकास,



आधोसंरचना, निवेश,कुशल मानव संसाधन, अंत्योदय, लाइवलीहुड पॉलिसी, सुशासन से समृद्धि विकसित छत्तीसगढ़ की आधारशिला का बजट है। वर्ष 2026-27 का राज्य का यह बजट विकास को नई गति देगा। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा में आर्थिक सहायता हेतु उड़ान, शिखर ,मंजिल जैसी योजनाओं के माध्यम से आर्थिक सहायता हेतु घोषणा की गई है। स्कूल शिक्षा 22360 करोड़ पंचायत ग्रामीण विकास 16560 करोड़ कृषि विकास के लिए 13000 करोड़ खाद नागरिक आपूर्ति 12820 करोड ऱपए का प्रावधान है।

### वायु प्रोत्साहन योजना में मिले 30 करोड़, संघर्ष समिति ने बताया कम

भव्य टर्मिनल बिल्डिंग और सर्व सुविधायुक्त एयरपोर्ट के लिए अभी इंतजार खत्म नहीं हो सका है। राज्य सरकार ने वायु प्रोत्साहन योजना के लिए 30 करोड़ रूपए का आबंटन दिया है। जिससे यात्रियों फ्लाइट में सब्सिडी दी जा सकेगी लेकिन यह बिलासा एयरपोर्ट के सफर करने वाले यात्रियों को कम ही नसीब होगी। दरअसल यहां से उड़ने वाली फ्लाइट में 80 फीसदी यात्रियों की संख्या होती है, जबकि जगदलपुर और अंबिकापुर एयरपोर्ट की फ्लाइट में कम यात्री मिलते है। ऐसे में बिलासपुर के बजाए जगदलपुर और अंबिकापुर के यात्रियों को सब्सिडी का लाभ मिलेगा। राज्य के बजट में बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट को 4सी एयरपोर्ट में बदलने की मांग काफी समय से की जा रही है जिसके चलते एकमुश्त 300 करोड़ रूपए के आबंटन की जरूरत है। बजट में महज 30 करोड़ की राशि वायु प्रोत्साहन योजना के तहत मिली है। यह काफी कम राशि है। एयरपोर्ट के लिए पर्याप्त राशि नहीं मिलने पर हवाई सेवा जनसंघर्ष समिति ने विरोध जताया है। समिति ने कहा कि यह राशि बिलासपुर अंबिकापुर और जगदलपुर एयरपोर्ट के लिए आबंटित है। उड़ानों में यात्री कम होने पर सब्सिडी देने की गारंटी है।

# विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता के साथ नैतिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व को अपनाने की प्रेरणा दी

- डॉ. सीवी रमन विवि में कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिखर सम्मेलन 2026 का आयोजन

**बिलासपुर।** डॉ सी वी रामन विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी तथा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा ए आ ई सी टी ई इंडोवेशन सेंटर के सहयोग से विश्वविद्यालय में " एम्पावर-एआई ली ड - अ प : कौशल एवं नवाचार 2026" विषय पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिखर सम्मेलन एआई-समिट का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता की राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर शिक्षाविदों और उद्योग जगत के विशेषज्ञों के मध्य सार्थक संवाद स्थापित करना था। कार्यक्रम में विभिन्न संकायों के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने सहभागिता की।



विशिष्ट वक्ताओं के रूप में विसोम्नी टेक्नोलॉजीज के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी कुलदीप आनंद, इन्फैनो केयर के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी करुणाकर बी., तथा सीयू के डॉ. अमित कुमार सक्सेना ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता तंत्र में नवाचार, दक्षता, नेतृत्व क्षमता तथा



आत्मनिर्भरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता के साथ नैतिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व को अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सौरभ मित्रा एवं सह-संयोजक मारुतिनंदन समाधिया रहे।

### शिक्षा और उद्योग जगत की दिशा निर्धारित कर रही : कुलपति

इस अवसर पर कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता वर्तमान समय में शिक्षा और उद्योग जगत की दिशा निर्धारित कर रही है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को नवाचार, शोध और राष्ट्रहित की भावना से परिपूर्ण बनाना है। कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि तकनीकी प्रगति तभी सार्थक है जब उसमें नैतिकता और सामाजिक दायित्व का समावेश हो। उन्होंने कहा कि समकालीन विषयों पर आयोजित ऐसे संवाद कार्यक्रम नई सोच को जन्म देते हैं। समकुलपति डॉ. जयति चटर्जी मित्रा ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रभाव समाज के प्रत्येक क्षेत्र में दिखाई दे रहा है, इसलिए युवाओं को इसके सकारात्मक, सैद्धांतिक और रचनात्मक उपयोग के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ज्ञान, कौशल और संवेदनशीलता के संतुलन के माध्यम से विद्यार्थियों को भविष्य के लिए सक्षम बना रहा है। यह शिखर सम्मेलन विद्यार्थियों में नवाचार आधारित सोच को प्रोत्साहित करने तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।



वेकैंसी

## अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीयन शुरू

**बिलासपुर।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती वर्ष 2027 के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इस हेतु इच्छुक अभ्यर्थी जॉइन इंडियन आर्मी की आधिकारिक वेबसाइट की ऑनलाइन पंजीयन पोर्टल पर जाकर 01 अप्रैल 2026 तक पंजीयन करा हैं।



इस हेतु ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) जुलाई-अगस्त 2026 में आयोजित की जाएगी। परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को जनवरी 2027 में आयोजित होने वाली रैली के लिए बुलाया जाएगा। भर्ती कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़ राज्य को आवंटित अग्निवीर पदों की संख्या सीधे तौर पर पंजीयन की संख्या के अनुपात में निर्धारित की जाती है। विगत तीन वर्षों में देखा जाए तो वर्ष 2023-24 में 14,153 पंजीयन हुए एवं 895 पद आबंटित, वर्ष 2024-25 में 19,355 पंजीयन हुए एवं 731 पद आबंटित, वर्ष 2025-26 में 28,547 युवाओं द्वारा पंजीयन किया गया है। इसके आधार पर अनुमानित 1100 से 1300 तक पद छत्तीसगढ़ के लिए आबंटित होने की संभावना है।

धर्म-क्षेत्र

## शिवाजी को संघर्षों से जूझने का संस्कार मिला माता जीजा बाई से



**बिलासपुर।** आर्य समाज बहतराई रोड में साप्ताहिक यज्ञ, सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें आचार्य जयदेव शास्त्री ने बताया कि शिवाजी में संघर्षों से जूझने के संस्कार माता जीजाबाई ने बचपन से ही रामायण और महाभारत के वीरों की कहानी सुना कर कूट-कूट कर भर दी थी। आगे भी वह उनका मार्गदर्शन करती रही। जिसके कारण प्रत्येक अभियान में शिवाजी को सफलता मिलती गई। मुख्य यजमान संध्या शर्मा पति सूर्यकांत शर्मा और उदयपाल ने सपरिवार अपना जन्मदिन वैदिक रीति से यज्ञ में वेद मंत्रों से आहुतियां देकर मनाया। सभी सदस्यों ने दोनों यजमानों को आशीर्वाद दिया। आर्य समाज के अध्यक्ष रूपलाल चावला ने आशीर्वाद गीत एवं संध्या शर्मा ने देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया। आचार्य जयदेव शास्त्री ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन साहस, संघर्ष नीति और चातुर्य का अद्भुत संगम रहा।

कार्यक्रम

## कलाकारों ने पेश किया सिंधी हिंदी भजन, मेला उत्सव आरंभ



**बिलासपुर।** तोरवा में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी श्री राजा विक्रमादित्य का 70 वां मेला उत्सव आरंभ हुआ। 24 फरवरी तक चलने वाले इस मेले के प्रथम दिवस दाल डोढी प्रोग्राम हुआ। रात्रि में मातृ-पितृ पूजन किया गया। भाई गोपाल दास, भारती वाधवानी ने सिंधी व हिंदी भजनों की प्रस्तुति दी। आयोजन के दूसरे दिन भाई ग्वाल दास उदासी ने भजन कीर्तन किया। भाई ग्वाल दास ने बताया कि राजावीर का यह मेला उत्सव विगत 70 वर्षों से मनाया जा रहा है। कहा जाता है कि राजा वीर का मंदिर बिलासपुर, मुंगेली, रायगढ़ व भोपाल के अलावा देश भर में है। दोपहर में सिंधु भवन तोरवा में आम भंडारा का आयोजन किया गया। यहां भक्तों ने समाधि स्थल पर माथा टेका व भंडारा ग्रहण किया। रात्रि में ब्रह्मकुमारी बहनों ने ज्ञान रूपी अमृत वर्षा की।

आयोजन

## धर्म की रक्षा करने अवतार लेते हैं भगवान : पं. तिवारी



**बिलासपुर।** श्री सिद्ध शक्तिपीठ शीतला माता मंदिर में आयोजित वैकुंठ उत्सव व श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास आचार्य योगेश तिवारी महाराज ने कहा कि आत्मा परमात्मा का मिलन ही महारास है। कथा रुपी अमृत का पान कर साधारण मनुष्य भक्त बन जाता है। कथा व्यास ने कहा कि धर्म की रक्षा करने भगवान अवतार लेते हैं। पापी कंस का वध कर भगवान श्रीकृष्ण ने उग्रसेन का राजतिलक कर मथुरा का राज्य सौंपा। व्यक्ति के जीवन में कभी धूप होती है और कभी छाया होता है पर व्यक्ति को कभी अपने ईष्ट की भक्ति नहीं छोड़नी चाहिए। भक्ति को केवल अपने स्वार्थ के लिए न करें। बेहतर कर्म करते रहना चाहिए। सदैव अच्छा काम करते हुए दूसरों की हित की बात सोचनी चाहिए। उन्होंने द्वारिका नगरी में हुए देवी रूक्मणी विवाह प्रसंग पर भी प्रकाश डाला।

### सभी वर्गों को ध्यान में रखकर बनाया गया बजट

# युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा पर केन्द्रित बजट

छत्तीसगढ़ बजट 2026-27

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मंगलवार को 1 लाख 72 हजार करोड़ रुपए का बजट 'संकल्प' थीम के साथ विकास का रोडमैप रखा। वित्त मंत्री ने हर वर्गों का ध्यान रख लोगों के लिए इसमें प्रावधान किया है, बजट में उन्होंने कई नई योजनाओं का जिक्र किया। बस्तर के अबूझमाड़ और जगरगुंडा में दो एजुकेशन सिटी स्थापना की घोषणा करते हुए वित्तमंत्री ने इनके लिए 100-100 करोड़ का प्रावधान रखा। बस्तर के सुदूर अंचलों में बस संचालन के लिए 10 करोड़ रुपये खर्च होंगे। बजट में किसानों को ब्याज मुक्त कर्ज देने की घोषणा की गई, वहीं 18 वर्ष पूरे होने पर बालिकाओं को डेढ़ लाख रुपए दिए जाएंगे। प्रदेश में 23 नए उद्योग खुलेंगे। इस पर शहर के लोगों ने प्रतिक्रिया व्यक्त कर बजट को आमजन का बताया। इन्होंने कहा कि युवा, महिला और किसानों को लाभ मिलेगा।

### स्वास्थ्य की दृष्टि से अच्छा बजट

डॉ अशोक अग्रवाल ने कहा कि स्वास्थ्य की दृष्टि से अच्छा बजट है किन्तु और अधिक की उम्मीद थी, विशेष रूप से आयुष्मान भारत योजना के लिए आबंटित राशि कम



प्रतीत होती है। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुधार पर भी जोर दिया गया है। कुल मिलाकर, यह बजट युवाओं के सपनों को गति देने और छत्तीसगढ़ के समग्र विकास को नई दिशा देने वाला बजट माना जा सकता है। किसानों के लिए भी समर्थन योजनाएं जारी रखते हुए कृषि क्षेत्र को मजबूती देने का प्रयास किया गया है।

### अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला बजट

सीएमडी कॉलेज के अध्यक्ष डॉ संजय दुबे ने छत्तीसगढ़ बजट 2026 पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट राज्य के समग्र विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।



उन्होंने कहा कि शिक्षा, रोजगार, अधोसंरचना और सामाजिक कल्याण के बीच संतुलन इस बजट की सबसे बड़ी विशेषता है। बजट में युवाओं, किसानों और मध्यम वर्ग के लिए किए गए प्रावधान राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती देंगे। डॉ दुबे ने कहा कि बजट आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ की दिशा में दूरदर्शी पहल है।

### शिक्षकों की उम्मीद पूरी नहीं हुई

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ बजट 2026 में कर्मचारियों को चिंता मुक्त स्वास्थ्य सुविधा देने हेतु कैशलेश चिकित्सा



का लाभ बजट में किया गया है, इसके लिए मुख्यमंत्री जी, वित्त मंत्री जी, स्वास्थ्य मंत्री को धन्यवाद देते है, बजट में कैशलेश चिकित्सा का प्रावधान स्वागत योग्य है। मोदी की गारंटी के तहत क्रमोन्नति/समयमान हेतु निर्धारित 10 वर्ष की सेवा को एक बार शिथिल करते हुए 5 वर्ष किये जाने शिक्षकों की उम्मीद पूरी नही हुई है।

### शिक्षा व युवाओं के भविष्य को सशक्त बनाने की दिशा

एमडी चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के डॉ आशीष जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट 2026-27 में शिक्षा, रोजगार और युवाओं के



सशक्तिकरण को प्राथमिकता देना अत्यंत स्वागतयोग्य कदम है। राज्य के समग्र विकास के लिए यह आवश्यक है कि युवा वर्ग को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा,आधुनिक कौशल और पर्याप्त रोजगार अवसर उपलब्ध हों। इस दृष्टि से यह बजट दूरदर्शी और विकासोन्मुख प्रतीत होता है। रोजगार सृजन की योजनाएँ नई ऊर्जा का संचार करेंगी।

### महिलाओं और किसान मजदूर के लिए प्रावधान

अध्यक्ष कान्यकुब्ज समाज अरविंद दीक्षित ने कहा कि छत्तीसगढ़ के पेश बजट में वित्त मंत्री ने संकल्प के आधार पर बजट पारित किया है, अधोसंरचना पर जोर दिया गया है



इस बजट में मजदूर किसान एवं महिलाओं के लिए विशेष प्रावधान रखे गए है मेडिकल कालेज की स्थापना एवं एयरपोर्ट के विकास हेतु भी बजद में ध्यान दिया गया है,तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने से युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण मिलेगा। जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकेंगे।

### तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा

सीए अमित शुक्ला ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में अधोसंरचना विकास, नवाचार और कौशल आधारित शिक्षण पर जोर राज्य की भावी पीढ़ी को प्रतिस्पर्धात्मक बनाने की दिशा में



महत्वपूर्ण पहल है। तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने से युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण मिलेगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकेंगे। युवा वर्ग के लिए विशेष बजटीय प्रावधान और रोजगार सृजन की योजनाएँ राज्य में नई ऊर्जा का संचार करेंगी। स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ाने की नीति सराहनीय है।

### युवाओं और समग्र विकास का बजट

प्राध्यापन डॉ मनोज सिन्हा ने कहा कि यह बजट युवाओं और समग्र विकास पर केंद्रित नजर आ रहा है। सरकार ने सीजी एसईई योजना के तहत उड़ान, शिखर और मंजिल



जैसी पहलों के लिए 33 करोड़ का प्रावधान किया है। जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को सीधा लाभ मिलेगा। वहीं, शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा देने के साथ-साथ रोजगार के नए अवसरों पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। अगर बुनियादी ढांचे की बात करें सड़क, बिजली और पेयजल को मजबूत करने कदम बढ़ाए गए।

### समावेशी विकास पर है केन्द्रित

रासेयो सदस्य एयू रेखा गुल्ला ने कहा कि राज्य सरकार का यह बजट समावेशी विकास पर केन्द्रित है। निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा। महिला सशक्तिकरण के नाम पर



रजिस्ट्री में छूट से महिलाओं में आत्मविश्वास, बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और वह स्वयं अपने निर्णय लेने में सक्षम होगी। स्वास्थ्य क्षेत्र में रायपुर में 200 बिस्तरों वाला मदर-चाइल्ड अस्पताल बनेगा। चिरमिरी में एक नया जिला अस्पताल भी स्थापित किया जाएगा। 18 वर्ष पूरे होने पर बेटियों को डेढ़ लाख रुपये की राशि मिलेगी।

### महिलाओं को रजिस्ट्री में मिलेगी छूट

कार्यक्रम अधिकारी पीएनएस महाविद्यालय मोना केंवट ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिलाओं के नाम पर जमीन, मकान की रजिस्ट्री को बढ़ावा देना एक सराहनीय



कदम है। इससे महिलाओं को सिर्फ संपत्ति का अधिकार ही नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और सुरक्षा भी मिलेगी। वहीं परिवार भी महिलाओं के नाम पर संपत्ति लेने के लिए प्रेरित होंगे। राज्य को प्रगति की नई दिशा प्रदान करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि इसके प्रभावी क्रियान्वयन से आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा।

### मिलेगी नई दिशा, दीदी भ्रमण की शुरुआत

वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा कश्यप ने कहा कि राज्य के इस बजट से छत्तीसगढ़ को एक नई दिशा मिलेगी। रानी दुर्गावती योजना के तहत 18 वर्ष पूर्ण करने वाली



बेटियों को डेढ़ लाख रूपए सहायता की घोषणा एवं लखपति दीदी भ्रमण की शुरूआत बेहतर साबित होगी। किसानों, मातृ शक्तियों एवं युवा सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं हैं। मुझे विश्वास है कि यह बजट छत्तीसगढ़ के युवाओं के सपनों को साकार करने में सहायक सिद्ध होगा।

### जीडीसी में संगीत पर कार्यशाला

## यमन, बिहाग सहित कई रागों का कराया अभ्यास



**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय में संगीत विषय पर एक विशेष कार्यशाला एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें वरिष्ठ संगीत प्राध्यापक डॉ दीपक बेड़ेकर ने विषय विशेषज्ञ के रूप में छात्राओं का मार्गदर्शन किया एवं संगीत स्नातक पाठ्यक्रम में शामिल प्रमुख रागों में राग भीम पलासी, राग केदार, राग यमन, राग बिहाग तथा राग दरबारी कानड़ा का अध्यास कराया।

पं. बेड़ेकर ने इन रागों में विलंबित एवं मध्यलय की बंदिशों को किस प्रकार तैयार किया जाए, इस पर व्यवहारिक एवं सैद्धांतिक दोनों दृष्टियों से जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों को रागों को सहज रूप से समझाने उनसे जुड़े प्रसिद्ध फिल्मी गीतों का भी उदाहरण प्रस्तुत किया। जिससे अध्ययन प्रक्रिया और अधिक रोचक व प्रभावी बनी। उन्होंने अपने शास्त्रीय गायन के माध्यम से रागों की संरचना, भाव एवं विस्तार को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। छात्राओं की रागों से संबंधित अनेक जिज्ञासाएं रही। इसका सरल और प्रभावी ढंग से समाधान किया गया। इस मौके पर विभाग की डॉ हरिणी आगर की भी उपस्थिति रही।

### बताई गई संगीत सीखने की प्रारंभिक प्रक्रिया

कार्यशाला में संगीत सीखने की प्रारंभिक प्रक्रिया, स्वर साधना, रियाज की विधि तथा आवश्यक अलंकारों के अभ्यास पर भी विशेष प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि नियमित अभ्यास, सही मार्गदर्शन और धैर्य के माध्यम से ही संगीत को आत्मसात किया जा सकता है।

### छात्राओं ने दी प्रस्तुति

कार्यशाला में लगभग 45 से 50 छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए अपनी प्रस्तुतियां दीं। जिसे काफी सराहना मिली। कार्यक्रम में तबले पर महाविद्यालय के डॉ. राजकुमार शर्मा ने संगति दी। यह कार्यशाला एवं व्याख्यान छात्राओं के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और यादगार साबित हुई।

## श्याम मंदिर में रहेगी फागुन महोत्सव की धूम

**बिलासपुर।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री श्याम मंदिर बिलासपुर में श्री श्याम फागुन महोत्सव की धूम रहेगी। यह तीन दिवसीय आयोजन गुरुवार 26 फरवरी से आरंभ होगा। इस महोत्सव का आनंद लेने श्रद्धालु भक्त भारी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

महोत्सव के पहले दिन दोपहर डेढ़ बजे से श्याम पाठ किया जाएगा। शुक्रवार 27 फरवरी को सुबह साढ़े 10 बजे राम मंदिर तिलकनगर से श्री श्याम मंदिर तक भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। शाम सवा सात बजे से प्रभु इच्छा तक श्री श्याम भजन संध्या आयोजित की जाएगी। इसमें भजन गायक मास्टर मोनू जयपुर, शिल्पी कौशिक मुरादाबाद, बुन्दू म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भगवान श्याम व होली पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।



महोत्सव के पहले दिन होगा श्याम पाठ

शनिवार 28 फरवरी को सुबह 9 बजे भगवान श्याम को सवा मनी प्रसाद लगाए जाएंगे। टस्टी दीपराज उपाध्याय ने बताया कि यह आयोजन श्री श्याम मंदिर टस्ट बिलासपुर द्वारा किया जा रहा है।

## मूट कोर्ट सफल अधिवक्ता बनने की पहली सीढ़ी

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के विधि विभाग में प्रथम इंट्रा मूट कोर्ट प्रतियोगिता द कैंपस कोर्ट रूम के गौरवशाली सफर की शुरुआत एक व्यापक प्रशिक्षण कार्यशाला के साथ हुई। इसमें विभागाध्यक्ष व डीन प्रो. सुधांशु रंजन मोहपात्रा ने कहा कि मूट कोर्ट केवल एक प्रतियोगिता नहीं बल्कि भविष्य के सफल अधिवक्ता बनने की पहली सीढ़ी है।

सत्र के दौरान विधि विभाग के मूट कोर्ट सोसाइटी के छात्रों ने प्रशिक्षकों की भूमिका निभाते हुए कनिष्ठ विद्यार्थियों को कोर्ट मैनर्स, मेमोरियल ड्राफ्टिंग, कानूनी शोध और जिरह की कला के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। विभागाध्यक्ष एवं डीन प्रो. सुधांशु रंजन मोहपात्रा ने व्यवहारिक कानूनी ज्ञान की महत्ता पर जोर दिया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ पूजा ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे एक मूट कोर्ट विद्यार्थी के आत्मविश्वास और तर्क शक्ति को



जीजीयू में मूट कोर्ट प्रतियोगिता

निखारता है। विद्यार्थियों में अपनी दलीलों को कोर्ट रूम में पेश करने को लेकर भारी उत्साह रहा। यह संपूर्ण आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल एवं कुलसचिव प्रो. अश्विनी कुमार दीक्षित के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य नवागत विद्यार्थियों को मूट कोर्ट की तकनीकी, बारीकियों और न्यायालयीन शिष्टाचार से अवगत कराना था। आयोजन में लगभग 400 विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में निदेशक डॉ. निधि सांडल, डॉ सागर जायसवाल सहित सह समन्वयक डॉ अजय सिंह और सुधांशु शेखर बिसेन, फैकल्टी सदस्यों और रिसर्च स्कॉलर्स का योगदान रहा।

## वार्षिक खेल महोत्सव: क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल में छात्रों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्पोर्टस न्यूज

शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय कोनी में वार्षिक खेल महोत्सव प्रवाह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न खेलकूद गतिविधियों जैसे क्रिकेट, फुटबाल, कबड्ड़ी, खो-खो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, चेस, कैरम आदि का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में संस्था के विभिन्न संकायों के छात्र- छात्राएं उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। संस्था में आयोजित यह खेल वार्षिकोत्सव समस्त छात्र छात्राओं को एक मंच प्रदान करता है जहां वे अपने शारीरिक एवं बौद्धिक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं एवं जीवन में नई उंचाईयों को प्राप्त करते हैं। कार्यक्रम



के उद्घाटन समारोह में संस्था परिवार से प्राचार्य डॉ एस के सिंघई सहित समस्त प्राध्यापक गण, अधिकारी एवं कर्मचारी गण तथा छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे। एल्युमनी टीम ने निर्धारित दस ओवरों में कुल 82 रन बनाएं। इसके जवाब में प्राध्यापकों की टीम ने आठ ओवेरों में ही एक विकेट खोकर हासिल करते हुए विजयी रही। इसके उपरान्त छात्राओं के विभिन्न टीमों के मध्य क्रिकेट, फुटबॉल एवं बैडमिंटन मैच का आयोजन किया गया। जिसमे उन्होंने पूरी ऊर्जा एवं उत्साह के साथ भाग लिया। यह कार्यक्रम संस्था के प्राचार्य डॉ एस के सिंघई की अध्यक्षता में, खेल प्रभारी प्रो नवीन वर्मा के समन्वयन तथा समस्त प्राध्यापकों, अधिकारीयों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति तथा समस्त छात्र छात्राओं की भागीदारी से आयोजित की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीणों ने डिप्टी सीएम से की बंजारी मार्ग निर्माण की मांग



**लोरमी।** छत्तीसगढ़ को मध्यप्रदेश को जोड़ने वाली बिजराकछार, औरापानी, बंजारी मार्ग के पक्के निर्माण की मांग लगातार की जा रही है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने इस संबंध में स्थानीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव को ज्ञापन सौंपा है। मार्ग के बनने से पर्यटन के साथ आर्थिक समाजिक एवं व्यसायिक रूप से बड़ी संख्या में लोगों को लाभ मिलेगा। उक्त मार्ग छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश को सीधा मुंगेली जिला को जोड़ता है। इस मार्ग के बनने से अमरकंटक के साथ मध्यप्रदेश से सटे ग्रामीण अंचलों में आवागमन सुगम होगा। गौरतलब है कि लोरमी और मुंगेली जिले का सामाजिक एवं पारिवारिक संबंध भी मध्यप्रदेश के कई जिले से जुड़ा हुआ है। पारिवारिक कार्यो लिए लोग बहुतायत रूप से आते-जाते हैं, इसलिए बंजारी मार्ग को अविलंब बनाने की मांग डिप्टी सीएम से ग्रामीणों ने की। ग्रामीणों की मांग को सुनकर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने इसे गंभीरता से लिया और तत्काल अधिकारियों को उक्त सड़क ड़क के निर्माण में आने वाली समस्या को दूर करने के निर्देश दिए। मांग पत्र सौंपने वालों में जिपं सदस्य समुंद सिंद्राम, जिपं सभापति अनीता कोमल साहू, अशोक सिंद्राम, सरोज मरावी, प्रहलाद जायसवाल, उत्तम ध्रुव, विनोद यादव, चंदर सिंह, लालसिंह बघेल, सहित डोंगरीगढ़, खुड़िया, दरवाजा, अखरार, घानाघाट, झलरी, सहित अनेक गांव के सरपंच एवं ग्रामीण शामिल रहे।

### धूमधाम से मनी संत गाडगे की जयंती



**पेंड्रा।** नगर के वार्ड क्रमांक 3 तेंदुपारा में संत शिरोमणि गाडगे महाराज की जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में रजक समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने संत गाडगे महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके सामाजिक सुधार, स्वच्छता और सेवा के संदेश को याद किया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जलान, राकेश चतुर्वेदी, निर्माण जायसवाल सहित समाज के कई सम्मानित व्यक्ति उपस्थित रहे। रजक समाज के जिला अध्यक्ष धनेश रजक, केके रजक, राजकुमार रजक, पूरन रजक, दुर्गेश रजक, विमल रजक सहित युवा टीम, महिलाएं एवं बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि, संत गाडगे महाराज ने समाज में व्याप्त कुरीतियों, छुआछूत और अंधविश्वास के खिलाफ आवाज उठाई तथा स्वच्छता को जनआंदोलन का रूप दिया। उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज को एकजुट और जागरूक बनाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का समापन सामूहिक आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। पूरे आयोजन में सामाजिक एकता और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

### पुराने दोस्तों ने मिलकर किया यादों का ताजा



**लोरमी।** ठाकुर राम सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल राम्हेपुर के वर्ष 2002 बैच का मित्र मिलन समारोह संपन्न हुआ। वर्षों पश्चात एक-दूसरे से मिलकर सभी पूर्व छात्र-छात्राओं ने अपार प्रसन्नता व्यक्त की तथा अपने विद्यालयीन जीवन की मधुर स्मृतियों को पुनः जीवंत किया। कार्यक्रम के दौरान साथियों ने अपने जीवन के अनुभव, संघर्ष और उपलब्धियाँ साझा कीं। मित्रता की पुरानी गर्माहट पुनः अनुभव की गई। इस अवसर पर उन साथियों को भी श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया, जो आज इस दुनिया में नहीं रहे। समारोह को सांस्कृतिक रंग भी मिला। मोरजध्वज द्वारा गीत प्रस्तुति ने वातावरण को मधुर बना दिया। वहीं सभी मित्रों ने मिलकर समूह नृत्य प्रस्तुत किया। आपसी मिलन-जुलन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। अंत में सभी ने अगले वर्ष इसी माह पुनः मिलने का संकल्प लिया। तथा यह भी निर्णय लिया कि आगामी कार्यक्रम में अपने आदरणीय गुरुजनों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन दयाराम साहू एवं आभार प्रदर्शन रामस्वरूप ध्रुव ने किया।

### युकांइयों ने चिब की गिरफ्तारी का विरोध



**मुंगेली।** भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब की गिरफ्तारी के विरोध में जिला मुख्यालय में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश छैदईया के नेतृत्व में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं युवा कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए गिरफ्तारी को अलोकतांत्रिक एवं दमनात्मक कार्रवाई बताया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, सेवादल जिलाध्यक्ष दिलीप बंजारा, शहर अध्यक्ष दीपक गुप्ता, वरिष्ठ पार्षद अरविंद वैष्णव, मकबूल खान, अभिलाष सिंह,जितू श्रीवास्तव, राहुल रूपवानी, आरिफ खोखर, कुलदीप पाटले आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा ने बजट को बताया ऐतिहासिक, कांग्रेस ने कहा- दिखावा

# प्रदेश के विकास को नई दिशा देने वाला बजट

*छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्तमंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट पर लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। जिसमें सत्तापक्ष ने बजट का सराहा है, तो विपक्ष ने इसे खोखला बताया है। वहीं कर्मचारियों ने केशलेश चिकित्सा सुविधा का स्वागत किया है। बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि, छत्तीसगढ़ सरकार का यह बजट छत्तीसगढ़ के विकास को नई दिशा देने वाला बजट है। इससे छत्तीसगढ़ एक विकसित और मजबूत छत्तीसगढ़ बनने की ओर से अग्रसर होगा। उन्होंने तखतपुर के लिए नालंदा परिसर 5 करोड़ रूपए की लागत से बनाए जाने का बजट में शामिल करने का खुशी जताई है।*



### मजबूत छत्तीसगढ़ बनने की ओर से अग्रसरः धर्मजीत

**तखतपुर।** स्थानीय विधायक धर्मजीत सिंह बजट के बाद कहा कि छत्तीसगढ़ और मजबूत बनने की ओर अग्रसर है। इसी क्रम में भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अध्यक्ष दिनेश राजपूत ने कहा कि, किसानों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए बजट में सरकार ने कृषि उन्नति योजना के लिए 10 हजार करोड़ रूपए का प्रावधान स्वागत योग्य है। जनपद अध्यक्ष माधवी संतोष वस्त्रकार ने कहा, बजट में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए महिलाओं के नाम से मकान या जमीन की खरीदी पर 50 प्रतिशत पंजीयन शुल्क में छूट का प्रावधान दिया गया है, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम है। जिला पंचायत सदस्य भारती माली ने कहा कि, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय संकल्प को केंद्र में रखकर बजट तैयार किया गया है। भाजपा पार्षद अंकित अग्रवाल ने कहा कि, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को आर्थिक सहायता देने के लिए उड़ान, शिखर और मंजिल जैसी योजनाओं की घोषणा सराहनीय है। इससे प्रतिभाशाली युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। छत्तीसगढ़ व्याख्याता संघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि, सरकार से कर्मचारीयों की वर्षो से एक लंबित मांग थी, कि इलाज के लिए केशलेश चिकित्सा योजना लागू की जाए, जिसे इस बजट में शामिल कर दिया गया है। यह कर्मचारीयों के लिए एक अच्छी पहल है।

### महिलाओं के लिए निराशाजनकः पूजा



बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए नपा अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने कहा कि, बजट महिलाओं के लिए निराशाजनक है। इसमें महिलाओं की सुरक्षा और रोजगार के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं है। 5 सौ रूपए में रसोई गैस सिलेंडर मिले इस वादे को भी पूरा करने के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है। नपा उपाध्यक्ष गौरी अजय देवांगन ने कहा कि, महंगाई के इस दौर में महिलाओं को रसोई संभालने में कितनी मुश्किलें हो रही है। इससे महिलाओं को राहत दिलाने बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र पांडेय ने कहा कि, प्रदेश की जनता को कुछ लाभ मिल सके, उन्हें आर्थिक रूप से सहायता मिल सके इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष शिवबालक कौशिक ने कहा कि, यह बजट केवल कागज में ही अच्छा लग रहा है। जब यह धरातल में उतरेगा तब लोगों को समझ में आएगा कि, सरकार ने छत्तीसगढ़ के किसानों के साथ कितना छलावा किया है। कांग्रेस पार्षद अनुपमा अभिषेक पांडेय ने कहा कि, महिला आर्थिक रूप से समृद्ध हो, इसके लिए कोई रोजगार या योजना इस बजट में नहीं है। जिससे महिला स्वयं समक्ष होकर व्यापार या अन्य कोई रोजगार हासिल कर सके।

### बजट कागजी पुलिंदा, जमीनी हकीकत से कोसों दूर



**सीपत।** राज्य के वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 1 लाख 72 हजार करोड़ रुपये का बजट पेश किए जाने के बाद सियासी प्रतिक्रियाओं का दौर तेज हो गया है। केश शिल्पी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष चित्रकान्त श्रीवास ने बजट को सिर्फ कागजी पुलिंदा करार देते हुए सरकार पर जमकर निशाना साधा। श्रीवास ने कहा कि, यह बजट पूरी तरह शब्दों का जाल है, जिसमें किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए कोई ठोस प्रावधान नजर नहीं आता। उन्होंने आरोप लगाया कि धान खरीदी के मुद्दे पर किसानों के साथ धोखा हुआ है। उन्होंने कहा, किसानों का रकबा बढ़ा, उत्पादन बढ़ा, लेकिन खरीदी कम हुई। बजट में इस विसंगति को दूर करने का कोई स्पष्ट रोडमैप नहीं है।

### संतुलित वित्तीय अनुशासन का ऐतिहासिक बजट



राज्य सरकार की ओर से प्रस्तुत वर्ष 2026-27 का बजट संकल्प थीम पर आधारित एक दूरदर्शी, संतुलित और समावेशी विकास का सशक्त दस्तावेज है, जो प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति और स्थायित्व प्रदान करेगा। यह बातें मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विषय के सहायक प्राध्यापक डॉ राम प्रसाद चन्द्रा ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही। डॉ चन्द्रा ने कहा कि वर्ष 2026-27 के लिए 1 लाख 87 हजार 500 करोड़ रुपए का विनियोग आकार और 1 लाख 72 हजार करोड़ रुपए की अनुमानित कुल प्राप्तियां राज्य की मजबूत वित्तीय स्थिति और विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

### प्रदेश को समृद्ध व खुशहाल बनाने का बजटः मयंक



**बोदरी।** प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने मंगलवार को विधानसभा बजट पेश किया, जिसको लेकर सभी अपनी-अपनी प्रतिक्रिया कर रहे हैं। इसी क्रम में पूर्व युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य मयंक शर्मा ने भी अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा, यह इस सरकार का तीसरा बजट है, जो प्रदेश की 3 करोड़ जनता के सामाजिक तथा आर्थिक विकास के लिए समर्पित है। पिछले दो वर्षों में हासिल विकास की गति को यह बजट और तेज करने तथा छत्तीसगढ़ अंजोर, 2047 के लक्ष्यों की दिशा में आगे बढ़ने के उद्देश्य का बजट है। पहले बजट में ज्ञान के उत्थान की आधारशिला रखी गई, वहीं दूसरे बजट में गति की रणनीति से प्रदेश के समग्र विकास को तीव्र करने की बात कही गई थी। यह बजट छत्तीसगढ़ को समृद्ध एवं खुशहाल बनाने का संकल्पित बजट है।

### बजट में बरेला एवं जरहागांव नपं को मिली सौगात



**जरहागांव।** वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने मंगलवार को प्रदेश के लिए एक लाख 72 लाख करोड़ का बजट पेश किया है, जिसमें नगर पंचायत बरेला के लिए बम-बम घाट के लिए 7 करोड़ 25 लाख की स्वीकृति मिली है। साथ ही नगर पंचायत जरहागांव में कॉलेज हेतु राशि स्वीकृत होने से नगर में हर्ष का माहौल है। बजट को लेकर नगर अध्यक्ष नरेश पटेल ने बताया कि, यह बजट किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीब परिवारों को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। कृषि क्षेत्र को सुदृढ़ करने, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, समर्थन मूल्य की व्यवस्था और ग्रामीण अधोसंरचना के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। इससे किसानों की आय बढ़ेगी और गांव आत्मनिर्भर बनेंगे।

## बजट के लेकर प्रतिक्रियाओं का दौर जारीः भाजपा ने बताया उन्नति का आधार, कांग्रेस ने कहा-छलावा



**पथरिया।** छत्तीसगढ़ राज्य का वित्तीय लेखा-जोखा और आर्थिक सर्वेक्षण 2026-27 मंगलवार को विधानसभा में वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने प्रस्तुत किया। 1 लाख 72 हजार करोड़ रुपए के इस बजट में राज्य को उन्नत बनाने के लिए संकल्प थीम पर कार्य करने का रोडमैप जारी किया गया है। बजट को लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक संगठन प्रमुखों, युवाओं, व्यवसायियों और शिक्षा जगत के विद्वानों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है



भाजपाइयों ने बजट को बकाया विकास के मील का पत्थर- बजट के लेकर भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा ने कहा, 'हमने बनाया है, हम ही सवारेंगे' के वादे को आधुनिक एआई के उपयोग से पूरा करने का विजन बजट से परिलक्षित हो रहा है। यह बजट राज्य को आर्थिक और तकनीकी के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां देगा। इसी क्रम में भाजपा जिला महामंत्री कैलाश सिंह ने कहा, भारतीय जनता पार्टी सरकार का यह बजट संकल्प, समावेशी विकास, अधोसंरचना, निवेश, कुशल मानव संसाधन, अन्त्योदय, लाइवलीहुड पॉलिसी से राज्य को विकसित राज्य बनाने का चरणबद्ध खाखा है। लौदा भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिलाष त्रिवेदी ने कहा, राज्य सरकार का तीसरा बजट जिसमे जीडीपी लगभग 13 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। कुल प्राप्तियों में बढ़ोतरी और प्रति व्यक्ति आय 10 फीसदी बढ़कर 1 लाख उन्यासी हजार अनुमानित है, जो राज्य के आम व्यक्ति से लेकर राज्य के आर्थिक उन्नति का संकेत है। नपा उपाध्यक्ष मनोज पांडेय ने कहा, नगरीय विकास के लिये इस बजट में 2 हजार 150 करोड़ का प्रावधान किया गया है। नगरीय क्षेत्र में मिनी स्टेडियम, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए नालन्दा लाइब्रेरी सहित अधोसंरचना और नागरिक सुविधाओं के विस्तार का प्रावधान है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जसपाल छाबड़ा ने कहा, साय सरकार का तीसरा बजट प्रशासनिक सुधार, डिजिटल गवर्नेंस और टेक्नोलॉजी पर केंद्रित है, जो आधुनिक छत्तीसगढ़ निर्माण के लिये मील का पत्थर साबित होगा। जिला पंचायत सभापति अनिला देवेंद्र राजपूत ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, राज्य का तीसरा बजट बेटियों, महिलाओ को समर्पित है। इसमें 18 वर्ष पूर्ण करने वाले बेटियों को डेढ़ लाख देने, 750 नवीन आंगनबाड़ी खोलने, महिलाओं को व्यवसायिक कुशल बनाने 250 महतारी सदन निर्माण की बात कही गई है। नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव का कहना है, बजट में मुख्यमंत्री आदर्श शहर समृद्ध योजना के अन्तर्गत 200 करोड़ का प्रावधान है, जिससे नगरीय निकायों में बुनियादी अधोसंरचना, नागरिक सेवाओं, स्वच्छता के क्षेत्र में कार्य होगा। साथ ही नगर विकास के लिए बजट में पिछले वर्ष से अधिक राशि दी गई है।

### कांग्रेसियों ने बताया घोषणाओं का पुलिंदा

कांग्रेस कमेटी पथरिया अध्यक्ष मुकेश मिरी ने कहा, केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की साय सरकार कागजो में चल रही है। धरातल पर पिछले वर्ष की घोषणाएं गायब हैं, अब एक और घोषणाओं का पुलिंदा रखा गया है। यह सच है कि, राज्य कर्ज से दबा जा रहा है। कांग्रेस नेता दीपक साहू ने कहा, बजट में नगरीय निकाय में सेवाओं के विस्तार के लिए कोई नवीन योजना का जिक्र नहीं है। पिछले एक साल से नगरीय निकाय आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं, इसके निवारण के लिये कोई राशि आबंटित नहीं है। युवा कांग्रेस नेता शौरभ शुक्ला ने कहा, भाजपा के इस बजट में किसान की आय दुगनी करने, सभी महिलाओ को 1 हजार देने, युवाओं को सरकारी नौकरी देने, कर्मचारियों को केंद्र के समान समय पर भत्ता जैसी मोदी की गारंटियों को पूरा नहीं किया गया।

### किसान नेताओं, कर्मचारियों ने सराहा

किसान नेता कृपाशंकर त्रिवेदी ने कहा, किसानों को बिना ब्याज कर्ज, कृषि क्षेत्रो में नवीन तकनीक के उपयोग कर बेहतर उपज प्राप्त करने, मजदूरों, कृषकों, दुर्घटना बीमा का लाभ जैसे नवीन योजनाओं से किसान को समृद्ध करने का प्रयास बजट में दिखता है। शालेय शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष गुनाराम निर्मलकर ने कहा, स्कूल शिक्षा विभाग को सबसे ज्यादा 22 हजार करोड़ की राशि मिली है। स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट शाला योजना के लिए 100 करोड़ का प्रावधान है, कर्मचारियों को कैशलेस इलाज के लिए 100 करोड़ का प्रावधान किया गया है इससे शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होगी।

## जेएमपी कॉलेज में रक्तदान शिविर



**तखतपुर।** शासकीय जेएमपी महाविद्यालय तखतपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिम्स की रेड क्रॉस सोसाइटी के 10 सदस्यीय टीम ने महाविद्यालय में उपस्थित होकर रक्त परीक्षण कर रक्तदान हेतु योग्य छात्र-छात्राओं रक्तदान की प्रक्रिया में सम्मिलित किया। रक्तदान शिविर में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, एनसीसी इकाई एवं यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी ने 22 यूनिट रक्तदान किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार दुबे ने रक्तदाता छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें महाविद्यालय से मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। रक्तदाता छात्र-छात्राओं में सागर राज, राहुल ,जितेश कुमार, ओमप्रकाश अविनाश पांडे, खगेश कश्यप, एकलव्य कश्यप, जितेंद्र खूंटे, हरजीत खंडेलवाल, जय यादव, श्रीयांक कुमार, विद्यासागर, उत्कर्ष गुप्ता, नारायण मरावी, दीपक साहू, आनंद साहू, विक्रम कुमार, भानु सिंगरौल, प्रभु लाल साहू, दीपांशु साहू, पोषण कुमार साहू, रितेश कुमार और यश बंजारे सम्मिलित थे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ डीपी चंद्रवंशी, सहसंयोजक डॉ विपिनचंद्र अग्रहरि, रेड क्रॉस प्रभारी डॉ समिता बारगाह ने शिविर में सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ मीना शर्मा, डॉ एसके पांडे, डॉ सीमा नाथ, डॉ राजीव शर्मा, डॉ मीरा गुप्ता, इंदु कौशल, रंजीत नेम, अंकुर शुक्ला, संजय देवांगन, स्वाति पांडे व जसमीत कौर उपस्थित रहे।

## पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिताः 150 प्रतिभागियों ने दिखाया दम

**तखतपुर।** नगर के सांस्कृतिक भवन में दो दिवसिय राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। 21 फरवरी को प्रतियोगिता का शुभारंभ नपा अध्यक्ष पूजा आत्मजीत मक्कड़ ने पूजा-अर्चना के साथ किया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों के लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर किसान मोर्चा बिलासपुर जिला अध्यक्ष दिनेश राजपूत, बिलासपुर जिला पंचायत विधायक प्रतिनिधि राहुल शुक्ला, तखतपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष वरुण सिंह ठाकुर, भारतीय जनता पार्टी मंडल महामंत्री प्रमोद सिंह ठाकुर, राज साहू, राहुल तिवारी अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान नगर पालिका के जन प्रतिनिधियों ने खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह भेटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अनुपमा अभिषेक पांडे, परमजीत लवली हुरा, पूजा बबलू गुप्ता, अभिषेक पांडे, मुन्ना श्रीवास, शैलेंद्र निर्मलकर, चंद्र प्रकाश देवांगन, भाजपा मंडल अध्यक्ष नैनलाल साहू, विधायक प्रतिनिधि अमित मंदानी सहित अन्य उपस्थित रहे। साथ ही कलेश्वर टंडन, राजमणि ठाकुर, राहुल तिवारी, आशीष मसीह, पवन पांडे, सौरभ केनार, साजन साहू, पुष्पराज ठाकुर, रूपेश साहू, समीर करिहार सहित अन्य उपस्थित रहे।

**खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह देकर किया गया सम्मानित**

## सचिव को हटाए जाने पर 9 सरपंचों ने दिया त्यागपत्र



**मुंगेली।** ग्राम पंचायत करुपान में सचिव को हटाए जाने के मुद्दे को लेकर उपसरपंच सहित 9 पंचों ने सामूहिक रूप से त्यागपत्र सौंपते हुए जिला कलेक्टर से पूरे मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। पंचों की शिकायत है कि ग्राम पंचायत करुपान के सचिव सुशील सिंह ठाकुर को बिना पंचायत प्रतिनिधियों की जानकारी के हटा दिया गया। सचिव का स्थानांतरण ग्राम पंचायत भालापुर किया गया। जिसे यथावत रहने का आवेदन दिया गया। पंचों ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि उन्हें यह सूचना मिली है कि करुपान में एकतरफा सचिव का प्रभार हरिशंकर धीरही को दे दिया गया है, जिसे वे स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। उनका कहना है कि इस पूरे घटनाक्रम में पंचायत के निर्वाचित प्रतिनिधियों को विश्वास में नहीं लिया गया, जिससे नाराज होकर उन्होंने सामूहिक त्यागपत्र देने का निर्णय लिया। उपसरपंच सहदेव यादव, पंच रीना साहू, रेनू साहू, सरिता यादव, सती बाई भारकर, ईश्वर पाटले, कमलेश्वरी साहू, दुर्गा साहू, जवाहर यादव सभी ने हस्ताक्षर कर जिला कलेक्टर को संबोधित पत्र में अपना त्यागपत्र स्वीकार करने और पंचायत में रिक्त पद घोषित करने की मांग की है। पंचों ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि पूरे मामले की जांच कराई जाएं और पंचायत की सहमति के बिना लिए गए निर्णयों को निरस्त किया जाएं। उनका कहना है कि पंचायत की स्वायत्तता और लोकतांत्रिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए पारदर्शिता जरूरी है।

## सूर्यवंशी समाज की अनूठी पहलः फिजूलखर्ची पर लगेगा प्रतिबंध

# कफन प्रथा प्रतिबंधित, विवाह में खर्च पर कटौती का निर्णय

**सकरी।** समाज हित में एक सराहनीय और दूरदर्शी कदम उठाते हुए सूर्यवंशी समाज के परिक्षेत्र पदाधिकारियों ने सामाजिक रस्मों में होने वाली अनावश्यक खर्चीली परंपराओं पर रोक लगाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

इस निर्णय के तहत मृत्यु संस्कार में कफन चढ़ाने की प्रथा को प्रतिबंधित किया गया है। अगर कोई व्यक्ति सहयोग ही करना चाहता है, तो कफन के स्थान पर यथा संभव नकद राशि का सहयोग शोक संतप्त परिवार को कर सकता है। इसी तरह मृत्यु होने पर होने वाले संस्कारों में जो संसाधन लाया जाता था, उसे पूर्णतः वर्जित किया गया है, और इसके निषेध की सूचना शोक-पत्र पर भी अंकित करने पर सहमति बनी है। साथ ही मृत्यु भोज में सादगी पूर्ण खाना तथा



शादी-विवाह जैसे आयोजनों में होने वाले अत्यधिक खर्च पर भी नियंत्रण रखने का सामूहिक संकल्प लिया गया है।

परिक्षेत्र स्तर की बैठक में सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव के अनुसार समाज के सभी सदस्य इन नए नियमों का पालन करेंगे। छतौना परिक्षेत्र के अध्यक्ष सुशील सूर्यवंशी ने बताया कि, वर्तमान समय में सामाजिक आयोजनों में दिखावा और प्रतिस्पर्धा के कारण परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। कई परिवार कर्ज लेकर रस्मों की अदायगी करते हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित होती है। सूर्यवंशी समाज की इस बैठक में सुशील सूर्यवंशी परिक्षेत्र अध्यक्ष, विजय भौमिक परिक्षेत्र उपाध्यक्ष, मनहरण सूर्यवंशी सचिव, राधेश्याम सूर्यवंशी सहसचिव, अच्छे लाल प्रवक्ता, नंदकिशोर भास्कर सलाहकार, विजय सिहोरे, संगठन मंत्री, योगेश सूर्यवंशी परि सदस्य, बलिराम सर्कल अध्यक्ष खमरिया, रामभाउ केनार सर्कल अध्यक्ष सकरी, शिवकुमार सर्कल अध्यक्ष बेलमुंडी, राजेंद्र कुमार सर्कल अध्यक्ष हरदी, लोमस डोंगरे सर्कल अध्यक्ष सेवार, मनोज कोषाध्यक्ष शहर सर्कल बिलासपुर, भागवत सचिव सर्कल गनियारी, रहस रात्रे पूर्व सहसचिव जिला सूर्यवंशी समाज, श्रवण कुमार अध्यक्ष महामाया मंदिर समिति, सुरेंद्र सर्कल अध्यक्ष खमरिया, परमेश्वर सूर्यवंशी ग्रामीण अध्यक्ष सकरी, मेला राम पूर्व सरपंच पांड, मोहन, राम गोपाल सोनवानी, जनक राम , जितेंद्र, दासीराम, घासीराम सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित रहे।

## अग्रवाल समाज को दान की गई 35 डिसमिल भूमि

**पेंड्रा।** पुरानी बस्ती निवासी स्वर्गीय दीन बंधु अग्रवाल के पौत्र और स्वर्गीय जगन लाल के पुत्र संजय अग्रवाल एवं उनके परिवार ने समाज सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अग्रवाल समाज के हित में 35 डिसमिल भूमि दान करने की घोषणा को अमलीजामा पहनाया है। यह भूमि पेंड्रा नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 3, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास स्थित उनकी पैतृक संपत्ति है, जिसे अग्रवाल समाज के सामुदायिक भवन एवं प्रस्तावित महाराजा अग्रसेन मंदिर निर्माण हेतु समर्पित किया गया है। संजय अग्रवाल और उनके परिवार के इस सराहनीय निर्णय से पूरे अग्रवाल समाज में हर्ष का वातावरण है। समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों ने दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, यह भूमि समाज की एक लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता को पूरा करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। समाजजनों ने आशा व्यक्त की है कि, अब शीघ्र ही भवन एवं मंदिर निर्माण की प्रक्रिया भी प्रारंभ होगी। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान ने आश्वासन दिया है कि, अग्रवाल समाज भवन के लिए जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कराई जाएगी। अग्रवाल समाज की महिला मंडल की अध्यक्ष श्वेता राजेश अग्रवाल सहित पूरे समाज ने संजय अग्रवाल एवं उनके परिवार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि उनका यह योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा।



